समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 17 October 2026

बंगला खाली करने मे देरी पर बोले पूर्व CJI चंद्रचूड़- 'मेरा सामान पैक है', बेटियों के इलाज के चलते हो रही है देरी।

Publisher

Published on 07 Jul 2025

पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- बेटियों के लिए घर मे बंनाया गया आईसीयू सेटअप हटाना आसान नहीं, दो हफ्ते मे बंगला खाली कर दूंगा।

नई दिल्ली : **पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़** ने अपने सरकारी आवास खाली करने में देरी को लेकर जारी विवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि उनका इरादा कभी भी नियमों का उल्लंघन करने का नहीं था, लेकिन उनकी बेटियां **गंभीर बीमारी से जूझ** रही हैं, जिनके इलाज के लिए उनके घर में **ICU सेटअप** तैयार किया गया है।

पूर्व CJI ने कहा कि उन्होंने अपना सारा सामान पैक कर लिया है और अगले **10-15 दिनों** में बंगला खाली कर देंगे।

कृष्णा मेनन मार्ग से शिफ्ट होकर तीन मूर्ति मार्ग मे रंहेगें

डी. वाई. चंद्रचूड़ वर्तमान में दिल्ली के **5 कृष्णा मेनन** मार्ग पर टाइप 8 बंगले में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनका नया घर तीन मूर्ति मार्ग पर है, जहां अभी मरम्मत का काम चल रहा है।

उनका कहना है कि नए घर में बेटियों की विशेष जरूरतों के हिसाब से बाथरूम और रैंप जैसी सुविधाएं बनानी जरूरी हैं।

बेटियों के लिए घर मे बंना है ICU सेटअप

१. **पूर्व CJI ने बताया कि उनकी गोद ली हुई बेटियां नेमालाइन मायोपैथी नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है।**
२. **बेटियों की उम्र 16 और 14 वर्ष है।**
३. **दोनों को ICU जैसी चिकित्सा सुविधा घर पर ही चाहिए।**

४. **बेटियां ट्रेकियोस्टॉमी ट्यूब के जरिए सांस लेती है, जिसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है।**
५. **उन्होंने कहा कि घर बदलना सिर्फ सामान शिफ्ट करने जैसा नहीं है, बल्कि बेटियों के जीवन से जुड़ी संवेदनशील बात है।**

पहले भी कई जजों को मिली है बंगला विस्तार की अनुमति

चंद्रचूड़ ने कहा कि उनसे पहले भी कई जजों को अतिरिक्त समय तक सरकारी आवास में रहने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने तत्कालीन सीजेआई **संजीव खन्ना** और मौजूदा सीजेआई **भूषण गवई** से निवेदन कर अनुमति मांगी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने लिया सख्त रुख

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने सरकार को पत्र लिखकर **चंद्रचूड़** से बंगला खाली कराने के निर्देश दिए थे। **नवंबर 2024** में रिटायर होने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से **टाइप 7 बंगला** मिला था, लेकिन वह अभी तक पुराने बंगले में रह रहे हैं।
उन्होंने **अप्रैल 2025** तक की अनुमति मांगी थी, जो अब समाप्त हो चुकी है।

किराए पर नहीं मिला घर, बोले- इतनी जल्दी कोई घर नहीं मिलता

चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने 3 महीने के लिए किराए पर घर तलाशा था, लेकिन इतनी कम अवधि के लिए कोई भी ऑनर घर देने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने तीन मूर्ति मार्ग वाला आवास तैयार करवाने का निर्णय लिया।

दो हफ्तों मे बंगला खाली कर देगें

पूर्व CJI ने साफ कहा कि उनका इरादा बंगले पर कब्जा बनाए रखने का नहीं है। उनका सारा सामान पैक हो चुका है और दो हफ्तों के भीतर वह स्थान खाली कर देंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.